प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for **Plasma Research**
भाट, इन्दिरा पुल के निकट, गांधीनगर – 382 428 (भारत)
Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)
*Web: www.ipr.res.in*

## विज्ञापन सं. 10/2019

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और औद्योगिक एवं सामाजिक प्लाज़्मा के अनुप्रयोग के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव में स्थित है और गाँधीनगर के सेक्टर 25 में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है।

अत्यधिक प्रेरित और परिणाम उन्मुख उम्मीदवारों से निम्नलिखित विवरणों में अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

| पद कोड | पद का नाम | शाखा अनुसार पद की संख्या | कुल पद की संख्या और वर्ग | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / भौतिकी) | मैकेनिकल-05<br>इलेक्ट्रिकल-04<br>भौतिकी-03 | 12<br>(अनारक्षित) | प्रथम श्रेणी के साथ मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक / भौतिकी में एम.एससी। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल (आई एंड सी) / भौतिकी) | मैकेनिकल-04<br>इलेक्ट्रिकल-06<br>आई एंड सी-01<br>भौतिकी-02 | 13<br>(अनारक्षित-05, ई. डब्ल्यु. एस.-01, अ. पि. व-03, एस.सी-03, एस. टी-01) | प्रथम श्रेणी के साथ मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल (आई एंड सी) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / भौतिकी में बी.एससी। |
| 03 | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन (मैकेनिकल, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर) | मैकेनिकल-01<br>वेल्डर-02<br>इलेक्ट्रीशियन-01<br>फिटर-01 | 05<br>(अनारक्षित-03, ई. डब्ल्यु. एस.-01, एस.टी-01) | 10 वीं या एसएससी एवं एन.ए.सी के साथ मैकेनिकल / वेल्डर / इलेक्ट्रीशियन / फिटर में आईटीआई और दो साल का प्रासंगिक अनुभव। |

*** सभी योग्यताएं केवल मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / बोर्ड / संस्थान से होनी चाहिए। किसी अन्य देश से योग्यता होने पर आवेदक को यूजीसी / एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

1. **आवेदन शुल्क:** आवेदन के लिए शुल्क संरचना नीचे दी गई है:

| क्रम सं. | वर्ग | शुल्क(₹) |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित / अ. पि. वर्ग / ई. डब्ल्यु. एस. | 200/- |
| 2. | एस.सी / एस. टी / महिला / विकलांग | कोई शुल्क नहीं |

**भुगतान का तरीका: भुगतान "इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज़्मा रिसर्च" गांधीनगर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा या ऑनलाइन के माध्यम से देय है।**

**ऑनलाइन भुगतान के लिए कदम:**
1. एसबीआई कलेक्ट पर जाएँ: **https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm**
2. आगे बढ़ें → स्टेट ऑफ़ कॉर्पोरेट / इंस्टीट्यूशन: गुजरात
3. कॉर्पोरेट / संस्थान का प्रकार: अन्य
4. अन्य नाम: प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान
5. भुगतान श्रेणी का चयन करें: आवेदन शुल्क।
6. भुगतान करें।
7. ऑनलाइन आवेदन में भुगतान का विवरण भरने के लिए रसीद प्रिंट / डाउनलोड करें।

2. **<u>आयु सीमा:</u>** प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी के लिए 40 वर्ष
प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक के लिए 30 वर्ष
प्रोजेक्ट टेक्नीशियन के लिए 30 वर्ष

अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ विकलांग / पूर्व-सैनिक उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट, इस संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्वीकार्य है।

3. **<u>अवधि:</u>** उपरोक्त पद दो साल की अवधि के लिए पूरी तरह से अस्थायी है जो उम्मीदवार के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर एक साल की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है या प्रोजेक्ट के पूरा होने के साथ सह-टर्मिनस, जो भी पहले हो।

4. **<u>पारिश्रमिक:</u>**
₹71,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी के लिए।
₹44,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक के लिए।
₹26,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट टेक्नीशियन के लिए।

5. **<u>चयन प्रक्रिया:</u>** विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा या / और साक्षात्कार, जो भी लागू हो के लिए बुलाया जाएगा। अंतिम चयन केवल लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार जो भी लागू हो के माध्यम से होगा।

## <u>सामान्य जानकारी</u>

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। विकलांग व्यक्ति भी अनारक्षित कोटा के विरुद्ध आवेदन कर सकते हैं।

2. उम्मीदवारों को एक पद के लिए केवल एक ही आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। एक ही पद के लिए कई आवेदन प्रस्तुत करने के परिणामस्वरूप आवेदन पूरी तरह से रद्द हो सकते हैं।

3. उम्मीदवारों को अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन जमा कर लें और संस्थान की वेबसाइट पर लॉगिन करने में वियोग / अक्षमता या विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें।

4. समेकित पारिश्रमिक के अलावा, उपरोक्त पद के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा (केवल स्वयं के लिए), निःशुल्क परिवहन (सीटों की उपलब्धता के आधार पर) और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी।

5. न्यूनतम योग्यता होने और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने मात्र से लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलावा मिले, यह जरूरी नहीं है। कोई भी कारण बताए बिना लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद / अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

6. विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

7. जन्म तिथि प्रमाण के समर्थन में जन्मतिथि प्रमाण पत्र / सेकेंडरी स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (एसएसएलसी) / मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट में दर्ज की गई आयु ही एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज होगा।

8. आवेदन करते समय उम्मीदवारों को अपने पूरे नाम का उल्लेख मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के अनुसार करना चाहिए। यदि किसी उम्मीदवार ने मैट्रिकुलेशन / सेकेंडरी स्कूल के बाद अपना नाम बदल लिया है या हटा दिया है या जोड़ा है तो उन्हें इस आशय की राज-पत्र अधिसूचना की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी।

9. सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन को उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित करना होगा या लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा। कोई अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक कमजोर वर्ग / विकलांग श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

11. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव ही गिना जाएगा। उम्र, योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में योग्यता मापदंड के लिए तारीख **16/12/2019** निर्धारित होगी।

12. **आईपीआर अपनी वेबसाइट पर शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवार / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार की तारीख से संबंधित सभी अद्यतन जानकारी रखेगा और लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के संबंध में पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से करेगा और कोई डाक पत्राचार नहीं भेजा जाएगा।**

13. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा / साक्षात्कार आदि की तिथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट पर जाएं।

14. परिशिष्ट / विलोपन / शुद्धिपत्र (यदि कोई) केवल संस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। http://www.ipr.res.in/advertisements.html

15. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल गांधीनगर / अहमदाबाद में स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

## आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर **16/12/2019 शाम 5 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदकों को विधिवत भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी के साथ सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां जैसे आयु का प्रमाण, अंक पत्र, डिग्री, अनुभव, निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाणपत्र एवं अन्य प्रासंगिक प्रशंसापत्र आदि और ऑनलाइन आवेदन के बाएं हाथ के शीर्ष कोने पर हाल ही का पासपोर्ट साइज़ फोटो विधिवत चिपका कर निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए जो दिनांक **23/12/2019 शाम 05.00 बजे तक** या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**
**प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान**
**इंदिरा पुल के निकट, भाट गाँव**
**गांधीनगर – 382 428 गुजरात (भारत)**

लिफाफे पर विज्ञापन संख्या और आवेदित पद लिखा होना चाहिए।

कृपया सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन में उचित और सही जानकारी दी गई है जिसे अंतिम माना जाएगा। संस्थान किसी भी तरह की गलत जानकारी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

किसी भी प्रकार की देरी के लिए या निर्धारित अवधि के भीतर हार्डकॉपी नहीं प्राप्त होने के लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई भी समस्या होने पर कृपया संपर्क करें - recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो अत: महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।